यूनीवार्ता
भारत की अग्रणी संवाद समिति

गौड़ ग्रुप करेगा 10 हजार करोड़ का निवेश

नयी दिल्ली 17 जनवरी (वार्ता) उत्तर भारत की प्रमुख रियल एस्टेट कंपनी गौड़ ग्रुप ने अगले पांच वर्षों में 10 हजार करोड़ रुपये निवेश करने और 50 हजार फ्लैटों को डिलीवर करने की योजना बनायी है।

कंपनी ने परिचालन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शुक्रवार को यह घोषणा करते हुये कहा कि करीब 25 वर्षों के सफर में ग्रुप ने अब तक 50,000 से अधिक यूनिटों को 5.5 करोड़ वर्ग फुट तक डिलीवर किया है तथा अब अगले पांच से सात वर्षों में और 50,000 यूनिटों को डिलीवर करने का लक्ष्य रखा गया है।

ग्रुप अब तक मुख्य रूप से आवासीय पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, लेकिन ग्रेटर नोएडा वेस्ट में गौड़ सिटी मॉल की सफलता के बाद कमर्शियल और रिटेल पर भी विशेष ध्यान देने की तैयारी कर रहा है। ग्रुप परिसंपत्ति निर्माण पर भी ध्यान केंद्रित करेगा और अगले 5 वर्षों में रिटेल व्यापार में 5,000 करोड़ रुपये की संपत्ति बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

कंपनी द्वारा निर्धारित लक्ष्य पर टिप्पणी करते हुए ग्रुप के प्रबंध निदेशक मनोज गौड़ ने कहा कि अब तक का उनकी कंपनी का ट्रैक रिकार्ड उनकी सफलता में मदद कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज तक किसी भी भुगतान पर चूक नहीं की गयी है। सभी ईएमआई, सरकारी बकाया, कर आदि का भुगतान समय पर किया गया है। पिछले कुछ वर्षों को रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए चुनौतीपूर्ण बताते हुये उन्होंने कहा कि यह अवधि विशेष रूप से गौड़ ग्रुप के लिए बहुत अच्छी रही है, क्योंकि वर्ष 2014 और 2019 के बीच 30,000 यूनिट डिलीवर किये गये हैं। वहीं पिछले साल ही कंपनी ने 4,000 करोड़ रुपये की 10,000 यूनिट बुक की हैं। इस दौरान 2014-19 के दौरान कंपनी के कर्मचारियों की संख्या बढ़कर लगभग तीन गुनी हो गयी है और अभी 2600 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं।